# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–12.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **जम्मू में एलओसी के पास आईईडी विस्फोट में हजारीबाग के कैप्टन करमजीत शहीद, आज आयेगा पार्थिव शरीर।**
2. **राज्य सरकार ने विश्वविद्यालयों में नीड बेस्ड लेक्चरर की नियुक्ति पर लगायी रोक, स्थानीय अभ्यर्थियों को सही प्रतिनिधित्व नहीं मिलने की शिकायत पर लिया गया फैसला।**
3. **एनटीए ने जेईई मेन के पहले संस्करण का परीक्षा परिणाम किया जारी, धनबाद के अभिमन्यु टेबरीवाल बने झारखंड टॉपर।**
4. **सेना की पूर्वी कमान का अलंकरण समारोह आज रांची में, शौर्य संध्या कार्यक्रम में सैन्य जवानों ने किया पराक्रम का प्रदर्शन।**

**5-38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड के खिलाड़ियों ने माडर्न पेंटाथलॉन में जीते दो कांस्य पदक, झारखंड के खाते में अब तक सात स्वर्ण समेत 23 पदक।**

*******************

जम्मू–कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास मंगलवार को आईईडी विस्फोट में हजारीबाग के जुलू पार्क निवासी कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी शहीद हो गये। शहीद का पार्थिव शरीर आज सुबह 11 बजे रांची एयरपोर्ट आयेगा। पार्थिव शरीर को रांची से हजारीबाग वाहन से ले जाया जायेगा। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार कैप्टन करमजीत पांच अप्रैल को विवाह बंधन में बंधने वाले थे।

*******************

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में नीड बेस्ड लेक्चरर की नियुक्ति पर रोक लगा दी है। इस संबंध में उच्च शिक्षा निदेशक राम निवास यादव ने विश्वविद्यालयों को पत्र भेजा है। सरकार ने यह फैसला झारखंड के अभ्यार्थियों को समुचित अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं मिलने की शिकायत पर लिया है।

*******************

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी– एनटीए ने जेइइ मेन 2025 के पहले संस्करण का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा में रांची समेत राज्यभर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। धनबाद के अभिमन्यु टिबरीवॉल निनानवे दशमलव नौ–नौ प्रतिशत के साथ झारखंड टॉपर बने हैं। इस परीक्षा में देशभर के 14 विद्यार्थियों ने सौ प्रतिशत हासिल किया है।

*******************

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सांसद राजेश रंजन के प्रश्न के लिखित जवाब में बताया कि एचईसी के जीर्णोद्धार की अभी कोई योजना नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि एचईसी कंपनी अधिनियम के तहत पंजीकृत है, इसलिए यह अलग विधिक इकाई है।

*******************

बेंगलुरु में आयोजित एरो इंडिया शो के दूसरे दिन रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारतीय वायुसेना और डीआरडीओ के सेमिनार को संबोधित किया। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने विभिन्न देशों के

रक्षा क्षेत्र से जुड़े मंत्री और प्रतिनिधियों से मुलाकात की और भारतीय रक्षा उद्योग की विशेषताओं और दुनिया में भारत के रक्षा उद्योग से जुड़े कार्यों के बढ़ते प्रभाव से उन्हें अवगत कराया। श्री सेठ ने

इस दौरान छह देशों के प्रतिनिधियों के साथ श्री संजय ने बैठक की स इस बैठक में भारत और अन्य देशों के बीच मजबूत होते रक्षा सहयोग पर विस्तृत चर्चा हुई।

******************

भारतीय सेना की पूर्वी कमान का अलंकरण समारोह आज रांची स्थित वॉर मेमोरियल में आयोजित किया जाएगा। इसमें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार अतिथि के तौर पर भाग लेंगे। समारोह के दौरान वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया जाएगा। इससे पहले कल शाम शौर्य संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय सैनिकों ने अपने शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन किया।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राजभवन उद्यान भ्रमण करने आये आम नागरिकों से संवाद किया और उनके सवालों के जवाब दिये। इस दौरान आगंतुकों के साथ राज्यपाल ने तस्वीरें भी खिंचवाई। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि राजभवन उद्यान लोगों के भ्रमण के लिए एक अच्छी जगह है।

******************

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर केंद्र की योजनाओं को धरातल में उतारने के प्रति उदासीन होने बड़ा आरोप लगाया है। श्री शाहदेव ने कहा कि दिखावा के लिए मुख्यमंत्री और राज्य वित्त मंत्री केंद्रीय मंत्रियों को मांग पत्र सौंपते हैं। लेकिन पहले से चल रही केंद्रीय योजनाओं का राज्य में बुरा हाल है।

******************

प्रयागराज में आज महाकुंभ का माघी पूर्णिमा स्नान चल रहा है। कल्पवास के विशेष अनुष्ठान के समापन के प्रतीक इस स्नान का विशेष महत्व है। इस वर्ष इसमें 10 लाख से अधिक कल्पवासी शामिल होंगे। महाकुंभ में कल्पवास विशेष फलदायी माना जाता है। माना जाता है कि माघ पूर्णिमा तक प्रयागराज में संगम तट पर कल्पवास करने से एक हजार साल की तपस्या का फल मिलता है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने इस अवसर पर विशेष यातायात व्यवस्था के साथ ही मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की है। विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम– महाकुंभ मेला 13 जनवरी को आरंभ हुआ है। अब तक 46 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई है।

******************

पाकुड़ जिले में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने की पहल जिला प्रशासन ने शुरु कर दी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

******************

उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेल में झारखंड के खिलाड़ियों ने मॉडर्न पेंटाथलॉन में दो कांस्य पदक जीते हैं। ये पदक पुरुष वर्ग में प्रेम किशोर महतो ने और महिला टीम की प्रिया उरावं, मोनिका कुमारी और चांदनी कुमारी ने हासिल किये। राष्ट्रीय खेल में झारखंड ने अब तक कुल 23 पदक हासिल किये हैं। इनमें सात स्वर्ण, छह रजत और दस कांस्य पदक शामिल हैं।

***********************

## और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने कश्मीर में हुए विस्फोट में हजारीबाग के कैप्टन करमजीत के शहीद होने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**प्रभात खबर ने लिखा है**– हजारीबाग के कैप्टन समेत दो जवान शहीद, दो घायल।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मंइयां राशि मार्च तक बिना आधार लिंक के मिलेगी।

दैनिक भास्कर लिखता है–राज्य के सभी यूनिवर्सिटी में नीड बेस्ड लेक्चरर की नियुक्ति पर रोक।

दैनिक जागरण ने जेइइ मेन में धनबाद के अभिमन्यु टिबरेवॉल के राज्य टॉपर बनने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है– एआइ गवर्नेंस को भरोसेमंद और पारदर्शी बनाने की जरुरत।

********समाप्त*********